दिन– सोमवार दिनांक– 13/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. पौष पूर्णिमा के अवसर पर अमृत स्नान के साथ विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम महाकुंभ आज से प्रयागराज में शुरू।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समस्तीपुर में पांच सौ करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

03. ओडिशा में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में प्रदेश की खुशबू कुमारी ने दो स्वर्ण पदक जीते।

04. और, ठंड के कारण पटना, मुंगेर, बेगूसराय और गया जिला प्रशासन ने आठवीं तक के सभी स्कूलों में पंद्रह जनवरी तक शैक्षणिक कार्य स्थगित किए।

---

सबसे पहले खबरें महाकुंभ से..........

–––म्यूजिक–––

विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर अमृत स्नान के साथ प्रयागराज में शुरू हो गया है। लाखों श्रद्धालु पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगा रहे हैं। यह आयोजन छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा। एक सौ चौवालीस वर्षों में केवल एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता को और बढ़ा रहा है। अनुष्ठान स्नान के बाद लाखों श्रद्धालु संगम पर एक महीने के लिए कल्पवास की प्राचीन परंपरा का भी पालन करेंगे। इस आयोजन के लिए सात स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। वहीं, लोगों की सुविधा के लिए भी विशेष इंतजाम किये गये हैं।

–––म्यूजिक–––

---

इधर, प्रदेश में भी महाकुंभ को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। विभिन्न जिलों से श्रद्धालुओं का महाकुंभ में जाना शुरू हो गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल किशनगंज से श्रद्धालुओं का पहला जत्था प्रयागराज के लिए रवाना हुआ है। वहीं, अन्य जिलों से भी श्रद्धालुओं के महाकुंभ में जाने का सिलसिला जारी है।

———————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के तहत आज समस्तीपुर में पांच सौ करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। और ब्योरा हमारे संवाददाता से.......

———रिपोर्ट———

उप विकास आयुक्त संदीप शेखर प्रियदर्शी ने बताया कि मुख्यमंत्री जिले के वारिसनगर प्रखंड के शेखोपुर पंचायत सहित विभिन्न स्थानों पर पांच सौ करोड़ रूपये से अधिक की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इसके अलावे मुख्यमंत्री शेखोपुर गांव में हेल्थकेयर सेंटर के साथ–साथ समस्तीपुर शहर के भोला टॉकिज चौक पर तिरेपन और मुक्तापुर स्थित गुमटी पर बनने वाले बहुप्रतीक्षित आरओबी की भी आधारशिला रखेंगे। जिले के उजियारपुर प्रखंड के रायपुर मे भी मुख्यमंत्री द्वारा इमरजेंसी रिस्पॉन्स फैसिलिटी कम ट्रेनिंग सेन्टर और अन्य योजनाओं का लोकार्पण किया जायेगा।आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

———————————————————————————————

राज्य में अब तक एक लाख तिरानवे हजार किसानों से सोलह लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गयी है। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि पैंतालीस लाख टन धान खरीद के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने सहकारिता सचिव से प्रत्येक सप्ताह अधिकारियों को धान अधिप्राप्ति का निरीक्षण कर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये हैं। श्री कुमार ने कहा कि किसानों को धान के पैसे का भुगतान अड़तालीस घंटे के अंदर कर दिया जाएगा। इसके साथ ही चावल मिलों की टैगिंग सुनिश्चित की जा रही है।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत राज्य के चार हजार दो सौ छब्बीस युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवा देश की शीर्ष कंपनियों में एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को केंद्र सरकार पैंतालीस सौ और कंपनी पांच सौ रूपये की मासिक सहायता देगी। इसके साथ ही प्रत्येक युवा को छह हजार रूपये की अनुदान राशि भी मिलेगी। इस योजना में इक्कीस से चौबीस आयु वर्ग के दसवीं, बारहवीं, स्नातक और आईटीआई पास युवा शामिल हो सकते हैं। केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को इस संबंध में एक दिशा–निर्देश जारी किया है। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जायेगी।

———————————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया है। शिक्षा विभाग ने इस दल में अड़तीस पदाधिकारियों को शामिल किया है, जिन्हें तीस जनवरी को आवंटित जिलों में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है। विभाग के अनुसार ये पदाधिकारी परीक्षा की समाप्ति तक जिला मुख्यालयों में रहेंगे और परीक्षा के कार्यों की जांच करेंगे। इसके साथ ही परीक्षा के लिए कोषागार से प्रश्न पत्र की निकासी और उसकी गोपनीयता की जिम्मेदारी भी इनकी होगी। गौरतलब है कि इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में पंद्रह लाख इक्यासी हजार और इंटरमीडिएट परीक्षा में बारह लाख नवासी हजार छात्र–छात्राएं शामिल हो रहे हैं।

————————————————————————————

राज्य के मौसम में एक बार फिर बदलाव हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत कई जिलों में हल्की बारिश से कनकनी बढ़ गयी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों के अधिकांश जिलों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाईट———

इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, यहां का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————————————

इधर, ठंड के प्रकोप को देखते हुए पटना, मुंगेर, बेगूसराय और गया जिला प्रशासन ने आठवीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में पंद्रह जनवरी तक शैक्षणिक कार्य स्थगित करने का आदेश जारी किया है। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में आठवीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर बाद साढ़े तीन बजे के बीच संचालित की जा सकती है। वहीं, गया में इन कक्षाओं के संचालन का समय साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक और मुंगेर में साढ़े दस बजे से साढ़े तीन बजे तक निर्धारित किया गया हैं।

————————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक एक बार फिर खराब की श्रेणी में आ गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजगीर देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ बारह रिकॉर्ड किया गया। इधर, पटना की हवा दिल्ली से भी ज्यादा खराब रही। पटना का वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ सात था, जबकि दिल्ली का एक्यूआई दो सौ तिहत्तर ही रहा। पटना से सटे हाजीपुर की हवा में धुलकणों की मात्रा तीन गुणा अधिक दर्ज की गयी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण परिषद की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार आरा, मुजफ्फरपुर और मुंगेर की हवा भी काफी खराब हो गयी है।

———————————————————————————————

प्रदेश में लोहड़ी का त्योहार हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया जा रहा है। इस त्योहार को अग्नि जलाने और मानव जाति की खुशहाली तथा समृद्धि के लिए प्रार्थना करने के साथ मनाया जाता है। लोहड़ी एक जीवंत कार्यक्रम है जिसमें शाम के समय अलाव जलाए जाएंगे और परिवार के सदस्य मूंगफली, रेवड़ी आदि खाते हुए त्योहार का आनंद लेंगे।

———————————————————————————————

प्रदेश में मकर संक्रांति का त्योहार कल हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान करेंगे। इस वर्ष महाकुंभ होने के कारण भी इस पर्व का विशेष महत्व माना जा रहा है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि बाजारों में चूड़ा, गुड़, लाई, तिलकुट और अन्य सामग्रियों की जम कर खरीदारी की जा रही है। पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने विभिन्न घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती की गयी है। पटना और बक्सर सहित अन्य जिलों में एहतियात के तौर पर गंगा समेत अन्य नदियों में निजी नावों के परिचालन पर कल और परसों रोक रहेगी।

———————————————————————————————

ओडिशा में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में प्रदेश की खुशबू कुमारी ने दो स्वर्ण पदक जीते हैं। ये पदक उन्होंने जूनियर और सीनियर वर्ग के महिला स्नैच पचहत्तर किलोग्राम और क्लीन और जर्क के इकहत्तर किलोग्राम भार वर्ग में जीते हैं। इसके अलावा शालिनी ने भारोत्तोलन

प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में रजत पदक और सीनियर वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया है।

—————————————————————————————

राजस्थान के अलवर जिले के खैरथल स्थित भिवाड़ी में बिहार के तीन लोगों की धुंऐ के कारण दम घुटने से मौत हो गयी। ये तीनों रात में कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे थे। मृतक गोपालगंज और कैमूर जिले के रहने वाले बताये गए हैं।

—————————————————————————————

रेलवे ने तेजस एक्सप्रेस में एक यात्री की आरएसी सीट को दूसरे यात्री को देने के आरोप में टीटीई को निलंबित कर दिया है। दानापुर रेल मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने बताया कि रेल यात्री की शिकायत पर मामले की जांच सही पाये जाने पर टीटीई अमर कुमार को निलंबित किया गया है।

—————————————————————————————

कटिहार नगर थाना क्षेत्र के तिनगछिया बाजार समिति के समीप स्थानीय पुलिस ने कुख्यात अपराधी करण खटीक को तीन देशी पिस्तौल और तीन कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, कटिहार रेलवे सुरक्षा बल ने राधिकापुर–कटिहार सवारी गाड़ी से पैंसठ लीटर विदेशी शराब के साथ पांच शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

—————————————————————————————

पटना जिले के रूपसपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने लाईसेंसी राईफल और अठारह कारतूस चोरी के मामले में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

—————————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले में एक कैदी की मौत के मामले में तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि इस मामले में रघुनाथ थाना के अपर थानाध्यक्ष भीम सिंह और दारोगा नंदनी कुमारी को निलंबित किया गया है।

—————————————————————————————

नवादा जिले में ऑनलाइन ठगी करने के आरोप में वारिसलिगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

—————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मधुबनी जिले में प्रगति यात्रा को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है – मधुबनी उड़ान योजना में शामिल होगा बिहार सरकार, केंद्र को भेजेगी प्रस्ताव।

**दैनिक जागरण** ने आम लोगों के स्वास्थ्य संबंधी खबर पर लिखा है – बीमारियों का आधा बोझ बढ़ा रहा खराब खान–पान। पक्षाघात को पूरी तरह से ठीक करेगी नई तकनीक।

**दैनिक भास्कर** ने प्रदेश में दूसरे राज्यों के नियुक्त शिक्षकों पर लिखा है – राज्य के अड़सठ हजार शिक्षकों की मार्कशीट जांची जाएगी।

**प्रभात खबर** ने रेलगाड़ियों के परिचालन पर लिखा है – लाखों का एंटी फॉग डिवाइस फेल, घंटों लेट चल रही ट्रेनें।

**आज अखबार** की सुर्खी है – अमेरिका के लॉस एंजिल्स काउंटी में लगी आग शहरों की ओर फैलने लगी, सोलह की मौत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पौष पूर्णिमा के अवसर पर अमृत स्नान के साथ विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम महाकुंभ आज से प्रयागराज में शुरू।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समस्तीपुर में पांच सौ करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे।

03. ओडिशा में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में प्रदेश की खुशबू कुमारी ने दो स्वर्ण पदक जीते।

04. और, ठंड के कारण पटना, मुंगेर, बेगूसराय और गया जिला प्रशासन ने आठवीं तक के सभी स्कूलों में पंद्रह जनवरी तक शैक्षणिक कार्य स्थगित किए।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।